विक्रमशिला सेतु से अगुवानी तक 50 किमी लंबी रिंग रोड बनेगी : ई. शैलेंद्र

पथ निर्माण विभाग मंत्री ने अफसरों को डीपीआर बनाने का निर्देश दिया

भास्कर न्यूज|नारायणपुर

बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री ई. कुमार शैलेंद्र ने शुक्रवार को कहा इलाके की सड़कों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि विक्रमशिला सेतु से अगुवानी तक 50 किलोमीटर लंबी रिंग रोड का निर्माण कराया जाएगा। इसको लेकर विभागीय अधिकारियों को सर्वे कराने और डीपीआर तैयार करने का निर्देश दे दिया गया है।

मंत्री ने कहा कि रिंग रोड बनने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। साथ ही जाह्नवी चौक से अगुवानी तक तटवर्ती इलाके को गंगा के कटाव से भी सुरक्षा मिलेगी। यह परियोजना भविष्य में क्षेत्रीय विकास और यातायात व्यवस्था को नई दिशा देगी। मंत्री ने बिहपुर के लत्तीपुर जमींदारी बांध, राघोपुर के काजीकोरैया बांध, सहित कालूचक, विशपुरिया, सिंहकुंड और गुवारीडीह में चल रहे कटावरोधी काम का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि इस बार मानसून से पहले बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारियों ने कटावरोधी काम शुरू कराया है। इससे पहले गुरुवार को मंत्री ने तटबंधों और कटाव प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया था। मौके पर सत्यप्रकाश सिंह, नूनू चौधरी, कुमार गौरव आदि मौजूद थे।

बिहपुर में तटबंध का निरीक्षण करते पथ निर्माण मंत्री व अन्य।